फिर मिली जयपुर एयरपोर्ट को बम से उडाने की धमकी

एयरपोर्ट अथॉरिटी को ई-मेल के जरिए भेजी गई थी धमकी

-कार्यालय संवाददाता-

- ई-मेल में लिखा था कि ''एयरपोर्ट बिल्डिंग के अंदर विस्फोटक रखा है।'' इस सूचना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया।
- एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग और परिसर के चप्पे-चप्पे की जांच की गई, संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जयपुर। राजधानी जयपुर में बम की धमकियों का ई-मेल मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बार-बार मिल रही इन धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि हर बार सर्च ऑपरेशन के दौरान कोई भी विस्फोटक नहीं मिला है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां हर बार पूरी गंभीरता से जांच कर रही हैं।

रविवार को एक बार फिर जयपुर एयरपोर्ट को बम से उडाने की धमकी मिली है। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट अथॉरिटी को ईमेल के जरिए यह धमकी भेजी गई। जिसमें लिखा गया था कि जयपुर एयरपोर्ट बिल्डिंग के अंदर विस्फोटक रखा है और जल्दी ही धमाका होगा। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर बिल्डिंग खाली नहीं कराई गई तो सभी लोग मारे जाएंगे। इस धमकी भरे ई-मेल की सूचना मिलते ही जयपुर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। जहां सूचना मिलने पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, बम स्क्वायड और सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग और परिसर के चप्पे-चप्पे की जांच की गई। इसके अलावा डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड ने सघन तलाशी अभियान चलाया,लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जहां सर्च ऑपरेशन पूरा होने के बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी कि एयरपोर्ट बिल्डिंग के अंदर विस्फोटक रखा गया है,जल्द ही धमाका होगा। अगर बिल्डिंग खाली नहीं कराई तो सभी लोग मारे जाएंगे। ईमेल मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड, बम स्क्वायड , सिविल डिफेंस सहित डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड ने एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग और परिसर के चप्पे-चप्पे की जांच की गई। किसी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। वहीं इस दौरान किसी भी फ्लाइट के शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया गया है। लेकिन मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए पुलिस अब साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से धमकी भरे ईमेल की जांच कर रही है और मेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी जयपुर एयरपोर्ट को कई बार इसी तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। हाल ही में 26 जून को जयपुर के एक अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी, जहां सर्च ऑपरेशन के दौरान कुछ नहीं मिला। इसके अलावा 9 मई को जयपुर मेट्रो और इससे पहले एसएमएस स्टेडियम को भी बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं।

सहायक प्रोग्रामर सुरेश चंद्र अटल सम्मानित

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 19वें राज्य स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह में मुख्यमंत्री कार्यालय के सहायक प्रोग्रामर सुरेश चंद्र अटल को सम्मानित किया। यह समारोह प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जंयती के अवसर पर आयोजित हुआ। सुरेश चंद्र अटल को मुख्यमंत्री सूचना तंत्र सीएमआईएएस पोर्टल पर सीएम बजट घोषणाओं, सीएम संकल्प पत्र, सीएम डायरेक्शन, सीएम इंपॉर्टेंट अचीवमेंट मॉड्यूल में अद्यतन जैसे कार्य गुणवत्तापूर्वक और पारदर्शिता के साथ समयबद्ध पूर्ण करने के लिए राज्य स्तरीय 'प्रोफेसर पीसी महालनोबिस सांख्यिकी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

'होटल स्काई इन' से 24 गिरफ्तार

जयपुर। भांकरोटा पुलिस ने ''होटल स्काई इन'' में अवैध गतिविधियों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 24 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और साथ ही पार्टी में मौजूद सात महिलाओं के खिलाफ 172 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने यह जानकारी दी है।

'सांख्यिकी क्षेत्र वैज्ञानिक सोच के साथ सामाजिक-आर्थिक नियोजन का आधार'

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने किया तथ्यपूर्ण, निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से डेटा एकत्र करने का आव्हान

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर आयोजित समारोह में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया।

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के इस समय में सांख्यिकी क्षेत्र का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस आंकड़ों के महत्व से ही नहीं जुड़ा है बल्कि यह हमें वैज्ञानिक सोच के साथ सामाजिक और आर्थिक नियोजन के लिए प्रेरित करता है। राज्यपाल बागडे रविवार को हरिश्चन्द्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान के सभागार में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र हित में विभिन्न क्षेत्रों में आंकड़ों का एकत्रीकरण, उनका विश्लेषण और उपयोग प्रभावी नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण है। नीति-निर्माण के लिए डेटा आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

बागडे ने राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर प्रख्यात भारतीय सांख्यिकीविद् प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रो. महालनोबिस की पहल और सोच से ही देश में 1950 में नेशनल सैंपल सर्वे की की स्थापना हुई। राज्यपाल ने नेशनल सैंपल सर्वे अपने 75 वर्ष पूरे होने की बधाई देते हुए अधिकारियों का आव्हान किया कि वे तथ्यपूर्ण, निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से डेटा एकत्र करने के साथ उनके विश्लेषण में भी सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि आंकड़ों का महत्व सिर्फ रिपोर्टों तक ही सीमित नहीं है। आंकड़ों से ही देश की नीतियों का निर्धारण होता है, जन कल्याण की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है। इसलिए इसमें सावधानी और जवाबदेही जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत इस समय विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, यह 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी साकार होगा जब हमारे पास विश्वसनीय, समावेशी और रियल टाइम आँकड़े होंगे। इसके लिए अधिकारी प्रभावी प्रयास करें। इससे पहले उन्होंने सांख्यिकी सेवा के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

नर्मदेश्वर महादेव का जलाभिषेक

जयपुर समाचार पत्र वितरक संघ की ओर से हुआ आयोजन

जयपुर। अल्बर्ट हॉल स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में समाचार पत्र वितरक महासंघ जयपुर द्वारा सहस्त्र घट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक दुग्ध अभिषेक रुद्राभिषेक के साथ विधि विधान से ओम नमः शिवाय के मंत्र उच्चारण के साथ पूजन और आरती की। इस दौरान नर्वदेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर भव्य झांकी सजाई गई। शिवजी के जलाभिषेक के साथ भक्तों ने बिल पत्र आक-धतूरा फल इत्यादि अर्पित कर सुख समृद्धि शिव कृपा की कामना की । भक्तों ने ओम नमः शिवाय हर-हर महादेव के जयकारे लगाए।

समाचार पत्र वितरक महासंघ के संगठन महामंत्री एवं पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा अर्चना का विशेष महत्व होता है, इसलिए हर वर्ष प्रदेश में अच्छी बारिश समाचार पत्र वितरक एकता सुख समृद्धि की कामना के लिए समाचार पत्र वितरक महासंघ द्वारा भगवान भोलेनाथ के सहस्त्र घट का आयोजन किया जाता है । इसमें जयपुर शहर के सभी वितरण केंद्रों के वितरक बंधु हिस्सा लिया ।भोलेनाथ की महाआरती हुई और भक्तों ने पंगत प्रसादी का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधानसभा विधायक गोपाल शर्मा भाजपा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल नगर निगम जयपुर हैरिटेज कुसुम यादव रही।

इस दौरान कोषाध्यक्ष हनुमान सैनी, कन्हैया लाल यादव, सावंत सिंह राठौड, संजय यादव, राजेश यादव, अनिल यादव, टीकम यादव, घनश्याम यादव, सत्यनारायण शर्मा, बी.एल मीणा, गोविंद गुर्जर, कैलाश मीणा, अनिल यादव, महेश यादव एडवोकेट ओमप्रकाश यादव शिवराज सिंह राठौड़ गजेंद्र सिंह जुगल बागड़ा किशन तनेजा महेंद्र जैन एस एन सैनी, जी.एल.यादव, अशोक सिंह उपस्थित रहे ।

वोडाफोन आईडिया पर 40 हजार रु. हर्जाना लगाया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग (प्रथम) ने वोडाफोन आईडिया लिमिटेड पर 40 हजार रु. हर्जाना लगाया है। साथ ही परिवादी से वसूली गई अतिरिक्त राशि का भुगतान भी 9 प्रतिशत की दर से करने के आदेश दिए है।

ज्ञात रहे कि परिवादी घनश्याम दास पमनानी ने जनवरी 2021 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत विभिन सेवाओ का दोषी ठहराते हुए वोडाफोन आईडिया लि. के खिलाफ परिवाद दायर किया था। परिवादी ने अतिरिक्त राशि वसूलने को लेकर वाद दाखिल किया था। इस मामले में सुनवाई करते हुए उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सूबे सिंह यादव और सदस्य हेमलता अग्रवाल व आशुतोष चौधरी ने वोडाफोन आईडिया कंपनी का सेवा दोष मानते हुए समस्त तर्क खारिज कर दिए। साथ ही परिवादी को 7 जनवरी 2021 से वर्तमान दिनांक तक 9 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि लौटाने तथा मानसिक प्रताड़ना तथा परिवाद व्यय के एवज़ में 40 हजार रुपये 45 दिवस के भीतर देने के आदेश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि इस याचिका की पैरवी उपभोक्ता घनश्याम दास पमनानी ने स्वयं की थी।

''महिमा फ्लोरेंज़ा'' के निवासियों ने तीन घंटे किया विरोध-प्रदर्शन

- महिमा ग्रुप द्वारा 3 वर्ष बाद भी सोसायटी को बिल्डिंग हस्तांतरण नहीं करने और निर्माण-रखरखाव की घटिया सेवाओं पर जताई नाराजगी

जयपुर। राजधानी जयपुर में रविवार को महिमा फ्लोरेंज़ा परिसर में निवासियों ने सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक करीब 3 घंटे तक विरोध-प्रदर्शन किया। सभी लोग काले बैज पहनकर विरोध में शामिल हुए।

यह प्रदर्शन महिमा बिल्डर द्वारा रखरखाव शुल्क में एकतरफा और जबरदस्ती की गई वृद्धि, तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी सोसाइटी को बिल्डिंग का हस्तांतरण न किए जाने तथा निर्माण एवं रखरखाव एजेंसी फाइनटेक द्वारा दी जा रही घटिया सेवाओं के खिलाफ किया गया।

निवासियों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि जब तक उनकी जायज़ माँगें पूरी नहीं की जाती, तब तक यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। सभी निवासियों ने प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि फ्लोरेंज़ा के निवासियों की समस्याओं पर शीघ्र संज्ञान लिया जाए और हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाए।

सार-समाचार

गौ-सेवा और जरूरतमंदों की मदद के साथ 'राहत-2025' का दूसरा चरण शुरू

जयपुर। 'सोसाइटी फॉर पब्लिक ग्रीवान्सेस (एस.पी.जी.) इंडिया' की ओर से ''राहत 2025'' अभियान का दूसरा चरण शुरू कर दिया गया है। अध्यक्ष प्रो. बी. डी. रावत एवं सचिव डॉ. गोविंद रावत वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि रविवार प्रातः 5 बजे राजस्थान के सात विभिन्न स्थलों पर गायों को चारा खिलाने और सेवा कार्य से अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके बाद 11 स्थानों पर कबूतरें को दाना एवं ज्वार अर्पित कर जीव-जंतुओं के प्रति करुणा और संवेदनशीलता का परिचय दिया गया। इसके बाद समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को गर्मी और मानसून की बारिश से बचाव के लिए छतरियां वितरित की गईं। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष गिर्राज देवी ने बताया कि श्रद्धा और भक्ति के साथ रुद्राभिषेक एवं शहस्त्रघट अनुष्ठान संपन्न हुए तथा अनेक मंदिरों में मूर्तियों को 'पोशाक धारण' (परंपरागत वस्त्र अर्पण) कराए गए। ''राहत 2025'' के शुभारंभ अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जे.के. रांका (सेवानिवृत्त) की उपस्थिति रही। उन्होंने आधिकारिक रूप से ''सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रीवेंस (एसपीजी) इंडिया' के संरक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया। संयोजक विजय लक्ष्मी एवं प्रेम कांत ने बताया कि किया कि राधा दामोदर मंदिर, चौड़ा रास्ता में भक्ति कार्यक्रम एवं पोशाक अर्पण का आयोजन किया गया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यकारिणी सदस्य पुनरी विक्रांत व्यास एवं महंत मलय गोस्वामी ने युवाओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में भागीदारी के लिए प्रेरित करने पर बल दिया, ताकि अगली पीढ़ी में नैतिक मूल्य एवं आध्यात्मिक उत्तरदायित्व का भाव जाग्रत हो सके। संयोजक डॉ. गुंजन खंडेलवाल, दक्षेश एवं दर्श ने बताया कि 'राहत 2025' चरण 2 के अंतर्गत अगले 20 दिनों तक विविध सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी।

प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना का सम्मान

जयपुर। कायस्थ इन्टीग्रेटेड फ़ोरम व चित्रांश हितकारिणी सभा जयपुर के बापू नगर में श्री चित्रगुप्त ज्ञान मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह में जयपुर के वरिष्ठ होम्योपैथ प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना को उत्कृष्ट, सर्वश्रेष्ठ व सर्वोपरि समाज सेवा कार्यों के लिए ''अंतराष्ट्रीय कायस्थ रत्न'' से नवाज़ा गया। पुरूस्कार स्वरूप उन्हें संस्था के पदाधिकारियों, देवेंद्र मधुकर, डॉ. अनिल सक्सेना व चित्रगुप्त पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानन्द महाराज ने उन्हें शॉल, दुपट्टा उढ़ाकर प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा प्रो. डॉ. सक्सेना के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वर्तमान में प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में, वरिष्ठ आचार्य एवं चिकित्सक हैं।

धाकड़ महासभा की कार्यकारिणी गठित

जयपुर। राजस्थान धाकड़ महासभा की जनरल बॉडी मीटिंग रविवार को जयपुर के झोटवाड़ा स्थित श्री श्याम मंदिर में जोश और उत्साह के साथ संपन्न हुई। बैठक में प्रदेशभर से समाज के प्रमुख पदाधिकारी और वरिष्ठजन जुटे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक एवं कोटा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बी. एल. वर्मा ने की। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। पूर्व अपर एवं जिला न्यायाधीश रमेश सिंह धाकड़ को संगठन का नया अध्यक्ष बनाया गया, जबकि जयपुर नगर निगम के पार्षद शेर सिंह धाकड़ को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए लालाराम धाकड़ को चुना गया। शेर सिंह धाकड़ ने बताया कि बैठक में 27 मई को खानपुर में आयोजित महाअधिवेशन के कार्यों की समीक्षा की गई।

1.56 किलो अफीम जब्त, तस्कर पकड़ा

जयपुर। भांकरोटा थाना पुलिस ने अफीम की तस्करी करते दो लोगों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 1.56 किलो अफीम जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में कन्नोज यूपी निवासी 20 वर्षीय रोहित और सौरभ को अरेस्ट किया है। आरोपियों को पुलिस ने रिंग रोड के पास से पकड़ा है। पुलिस अब आरोपियों के नेटवर्क को तलाशने में जुट गई है।

संगीत आश्रम में सुर साधकों की तैयारी का उम्दा प्रदर्शन

जयपुर। संगीत आश्रम संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह के दूसरे दिन रविवार को शास्त्रीनगर स्थित संस्थान परिसर में संजोए क्लासिकल म्यूजिक कॉन्सर्ट में संस्थान के ही अनेक संगीत साधकों ने विभिन्न राग-रागनियों के सुर साध कर अपनी तैयारी पक्ष उम्दा प्रदर्शन किया।

तमाम सुर साधकों ने सुर, लय और ताल में विभिन्न रागों की बंदिशों की दिलकश प्रस्तुतियों से मुतास्सिर किया। कलाकार वनिता हीरानी ने राग कामोद की बंदिश कारे जाने न दूंगी..., सुमित्रा अग्रवाल ने राग मारु बिहाग की रचना कलना परे तुम बिन श्याम...,खुशबू कंवर ने राग नंद की रचना अजहूं न आए मेरे श्याम...,जयति कुमारी ने राग चारुकेसी की बंदिश सपनवा में आओ ना हरि..., हिमांशु वर्मा ने राग बागेश्री की रचना कौन करत तोरी विनती..., लक्ष्य शर्मा और विमर्श स्वामी ने राग कामोद की बंदिश सोहेलरा गावो रे..., की सुरीली प्रस्तुति में सुरों के खूबसूरत लगाव, ठहराव का खूबसूरत संयोजन दर्शाकर मौजूद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। इसी प्रकार गिटार के कलाकार नितेश कुमावत, आलिया, सतकृति ने राग देस और नीत खत्री ने राग भीमपलासी में रजाखानी गत पेश की। तबले पर लक्ष्य शर्मा और हारमोनियम पर हरीश नागौरी ने संगत की। संगीत आश्रम संस्थान सचिव अमित अनुपम ने बताया कि सोमवार को शाम 5.30 बजे शास्त्रीय कथक नृत्य संध्या होगी।

पुरु शर्मा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के पंचवर्षीय विधि प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। गत 8 जून को ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा आयोजित हुई थी, तत्पश्चात 13 जून से 24 जून तक अभ्यर्थियों के ग्रुप डिस्कशन और व्यक्तिगतसाक्षात्कार हुए थे, इसमें जयपुर के पुरु शर्मा ने प्रथम स्थान अर्जित किया है। पुरु शर्मा ने 12वीं कक्षा केंद्रीय विद्यालय संख्या एक, बजाज नगर, जयपुर से उत्तीर्ण की है। पढ़ाई के साथ ही साथ वह बॉक्सिंग के भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं और स्कूल स्तर पर कई पदक जीते हैं और हाल ही में यूथ नेशनल भी खेला है। पुरु शर्मा की मां पल्लवी शर्मा जयपुर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर मेट्रो द्वितीय है और पिता पवन शर्मा विद्युत विभाग में सहायक निदेशक हैं। पुरु ने खेल के साथ निरंतर पढ़ाई जारी रखी।

प्रताप नगर में ज्वैलर से 10 किलो चांदी और एक किलो सोना लूटा

- स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने बाइक सवार ज्वैलर को टक्कर मारकर की लूटपाट, 20 हजार की नकदी भी छीनी
- पुलिस ने वारदात की सूचना पर नाकाबंदी करवाई, परंतु बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा

जयपुर। प्रताप नगर थाना इलाके में स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने बाइक सवार ज्वेलर को टक्कर मारकर 10 किलो चांदी, एक तोला सोना और 20 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका-मुआवना कर इलाके में नाकाबंदी भी करवाई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

थानाधिकारी मनोज बेरवाल ने बताया कि सेक्टर 26 स्थित प्रेम मंदिर के पास शनिवार रात स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने बाइक सवार ज्वेलर चन्द्र प्रकाश सोनी को टक्कर मारकर 10 किलो चांदी, एक तोला सोना और 20 हजार रुपए लूट लिए। घटना रात की है, जब चन्द्र प्रकाश अपनी दुकान शुभम ज्वेलर्स बंद कर बाइक से घर जा रहे थे।

इस दौरान बदमाशों ने स्कॉर्पियो से ज्वैलर की बाइक को टक्कर मारी, जिससे वह गिर गए। इसके बाद बदमाशों ने मारपीट कर उनका बैग छीन लिया और फरार हो गए। बैग में 10 किलो चांदी, एक तोला सोना और 20 हजार रुपए थे। लूट की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस सहित आसपास के थानों की टीमें मौके पर पहुंचीं और बदमाशों की तलाश में छापेमारी शुरू की।वहीं कंट्रोल रूम के निर्देश पर पूरे शहर में ए-श्रेणी की नाकाबंदी की गई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और साथ ही संदिग्धों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

शिव-पार्वती विवाह देखकर झूम उठे श्रद्धालु

श्री शिव महापुराण कथा में उमडा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम

बनीपार्क में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिवस रविवार को भगवान शिव और पार्वती का विवाह की जीवंत झांकी सजाई गई।

जयपुर । कांति चंद रोड, बनीपार्क स्थित कथा पांडाल में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। व्यासपीठ से पूज्य संतोष सागर महाराज ने सती चरित्र, माता पार्वती का जन्म एवं भगवान शिव और पार्वती विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण व सजीव वर्णन प्रस्तुत किया।

महाराज ने अपने दिव्य प्रवचन में कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन होना है। शिव वैराग्य, योग और भक्ति के प्रतीक हैं । गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी शिव की तरह साधना, समर्पण और धर्म का पालन किया जा सकता है।

कथा के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह महोत्सव का दृश्य अत्यंत हर्ष और उल्लास से मनाया गया। भक्तगण विवाह के प्रतीकात्मक आयोजन में झूम उठे। भगवान शिव की बारात भव्य स्वागत के साथ पहुंची, जिसमें वर पक्ष का नेतृत्व रवि प्रकाश सैनी और वधू पक्ष का संचालन मनोज पंसारी ने किया। विवाह के सभी पारंपरिक संस्कार प्रतीकात्मक रूप से किए गए। कथा पांडाल हर हर महादेव के जयघोषों से गुंजायमान हो गया और श्रोताओं ने भजनों पर नृत्य कर शिव विवाह की आनंदमयी छटा को जीवंत कर दिया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक कैलाश , विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री राजा राम योगगुरु ढाका राम, जयपुर हैरिटेज नगर निगम की मेयर कुसुम यादव, पूर्व चेयरमैन अजय यादव, गौसेवक भगवती चौधरी तथा माहेश्वरी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक उमेश सोनी, प्रमोद हुरकट, प्रकाश माहेश्वरी, श्री राम कोड़िया, चंद्रप्रकाश खंडेलवाल, गिर्राज नाटाणी, चेतन कुमावत, त्रिलोक खंडेलवाल, दीपक गोयल, हरीश बागडी, शिव थिरानी आदि उपस्थित रहे।

संतोष सागर महाराज ने शिव परिवार के विभिन्न वाहन-नंदी, शेर, मूषक, मोर-का उल्लेख करते हुए कहा कि ये जीवन में विविधताओं के साथ सहिष्णुता व समरसता का संदेश देते हैं। मछुआरे और मछली की कथा द्वारा यह समझाया गया कि ईश्वर से दूरी ही दुखों की जड़ है, जबकि ईश्वर से जुड़ाव ही सच्चा सुख देता है।

कार्यक्रम में श्री शिव महापुराण कथा समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सैकड़ों श्रद्धालुजन भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

गोविन्द देवजी मंदिर में गायत्री महायज्ञ संपन्न

- सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया 1 वर्षीय जप साधना का संकल्प

जयपुर। गोविंद देवजी मंदिर प्रांगण में रविवार सुबह पंच कुंडीय साधना संकल्प गायत्री महायज्ञ वैदिक विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। जयपुर सहित आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित हुए।

यह आयोजन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की महिला टोली-गायत्री कचोलिया और गायत्री तोमर के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। उन्होंने प्रज्ञा गीतों और युग प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को प्रेरणा दी तथा यज्ञ में गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियाँ अर्पित करवाईं। पूरे विश्व में मंडराए युद्ध के बादल छंटे और भारत विकसित राष्ट्र बनकर विश्व गुरू बने इस कामना के साथ विशेष आहुतियां भी प्रदान की गईं।

कार्यक्रम की शुरुआत में ठाकुर श्री राधा गोविंद देव जी, वेदमाता गायत्री, पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं भगवती देवी शर्मा का पंचोपचार पूजन विधिपूर्वक किया गया। यज्ञ में उपस्थित सैकड़ों साधकों ने एक वर्ष तक गायत्री महामंत्र के नियमित जप का संकल्प लिया। नए साधकों ने प्रतिदिन तीन माला जप का संकल्प लिया, जबकि अनुभवी साधकों ने वर्ष भर में पाँच लाख मंत्रों के जप का व्रत लिया।

मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सम्पन्न इस कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के सह व्यवस्थापक मणिशंकर पाटीदार ने कहा कि नवयुग सृजन साधना अभियान का उद्देश्य आत्मपरिष्कार और वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना है। उन्होंने कहा, घर-घर साधना, गांव-गांव आराधना और नगर-नगर आत्मजागरण के उद्देश्य से यह अनुष्ठान अत्यंत प्रभावशाली सिद्ध हो रहा है।